हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

13 युवा पढ़ाई और खेलों में व्यस्त रखकर नशों से दूर रहें : भवानी



14 गरीबों के अधिकारों को कुचल रही केंद्र सरकार : अरविंद



**खबर संक्षेप**

### जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाठी बरामद की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता नितिश कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी अम्बेडकर चौक, रविदास मोहल्ला, टोहाना ने अपने बयान में बताया कि 8 दिसंबर को रतिया रोड स्थित गुगा मंडी टोहाना के पास कुछ युवकों ने उसे रोककर लाठी-डंडों से हमला किया।

### डोडा पोस्त सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए थाना जाखल पुलिस ने कचरा डोडा पोस्त के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कांता राम उर्फ कांता पुत्र मेहिन्द्र सिंह, निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई। थाना जाखल प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक भूपिन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम गश्त पर गांव तलवाड़ा से डेरा कैंटीन जाखल के बीच मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को काबू करके नियमानुसार तलाशी ली गई और डोडा पोस्त बरामद किया।

### भट्टूकलां में जुआ खेलते तीन युवक पकड़े

**फतेहाबाद।** जुआरियों की धरपकड़ करते हुए थाना भट्टूकलां पुलिस ने माचरा मंडी में छापेमारी कर जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान चंद्रशेखर पुत्र मोहनराम, निवासी सहायपुर, कमाल, बिहार हाल माचरा मंडी, भट्टूकलां, संतोष पुत्र नेकीराम व विकास पुत्र भोला सिंह निवासी किरायेदार माचरा मंडी, भट्टू कलां के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उप निरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना पर रेड कर कमरे में जुआ खेलते आरोपियों को पकड़ा गया।

### हेरोइन सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोंटिक्स सेल की दो पुलिस टीमों ने गश्त दौरान दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से लाखों रूपए की 17 ग्राम 123 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। एंटी नारकोंटिक्स सेल प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया की एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान कांडा कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर युवक चिराग निवासी थेहड़ मोहल्ला को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जे से 12 ग्राम 48 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## डबवाली अग्निकांड: 23 दिसंबर 1995 का वह भयावह दिन जब सुरक्षा नियमों की लापरवाही से बुझ गईं सैकड़ों जिंदगियां

डीएवी स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में हुआ था हादसा, त्रासदी में करीब 442 लोगों की हुई थी मौत

### शॉर्ट सर्किट बना था हादसे की वजह, ज्वलनशील प्लास्टिक और कपड़े के कारण तेजी से फैल गई आग

सुभाष सेठी ▶▶ डबवाली

23 दिसंबर 1995 को हरियाणा के मंडी डबवाली शहर में हुआ भीषण अग्निकांड आज भी देश के सबसे दर्दनाक हादसों में गिना जाता है। इस त्रासदी में करीब 442 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल थे। इसके अलावा सैकड़ों लोग घायल हुए। उस दिन डीएवी स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह एक शामियाने में चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे टेंट को अपनी चपेट में ले लिया। टेंट में लगाए गए ज्वलनशील प्लास्टिक और कपड़े के कारण आग तेजी से फैल गई।

**पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आपातकालीन निकास के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। मुख्य दरवाजे पर अफरातफरी मच गई और भीड़ के कारण लोग बाहर नहीं निकल सके। आग और धुएं में घिरे कई बच्चे और अभिभावक अंदर ही फंस गए। घटना के बाद पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। प्रशासन और स्थानीय लोगों ने मिलकर राहत एवं बचाव कार्य चलाया, लेकिन तब तक भारी जनहानि हो चुकी थी। हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन, टेंट संचालकों और संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया गया। यह अग्निकांड सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी का प्रतीक बन गया।



सिरसा। अग्निकांड में जान गवां चुके लोगों की याद दिलाती स्मारक में लगी तस्वीरें। *फोटो : हरिभूमि*

### अग्निकांड स्मारक पर आज हांगे धार्मिक आयोजन

इसके बाद देशभर में फायर सेफ्टी नियमों को लेकर कड़े कदमों की मांग उठी और कई स्थानों पर कुछ नए नियमों को लागू भी किया गया। लेकिन यह सब कड़ाई से पालन नहीं हुआ। लापरवाही का आलम आज भी जा रही है। मंडी डबवाली अग्निकांड आज भी एक कड़वी याद के रूप में दर्ज है, जो यह याद दिलाता है कि लापरवाही कितनी बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। इसलिए सजगता जरूरी है। अग्निकांड की पुण्यतिथि पर आज डबवाली में अग्निकांड स्मारक पर धार्मिक आयोजन होंगे। इसके अलावा रक्तदान शिविर लगाकर बिछड़ी आत्माओं को याद किया जाएगा।

## जिले की 5.55 लाख एकड़ भूमि में से मात्र 2.51 लाख का हुआ पंजीकरण

# कैसे बिकेगी फसल: 3 लाख एकड़ का किसानों ने नहीं करवाया पंजीकरण

**फसलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में रबी की फसलों को लेकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। सरकारी खरीद का लाभ लेने के लिए किसान लगातार अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। क्योंकि सरकार द्वारा केवल उन्हीं किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी, जिनका पंजीकरण पोर्टल पर दर्ज होगा। पंजीकरण न कराने की स्थिति में किसानों को गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी फसलों की सरकारी खरीद से वंचित रहना पड़ेगा। कृषि विभाग के अनुसार जिले में खेती का कुल रकबा लगभग 5 लाख 55 हजार एकड़ है। अब तक 38 हजार 81 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 2 लाख 51 हजार 630 एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया गया है। इसके बावजूद अभी भी 3 लाख 4 हजार एकड़ का किसानों द्वारा अभी पंजीकरण नहीं करवाया है। कृषि विभाग का कहना है की वह 31 दिसंबर से पहले अपना पंजीकरण अवश्य पूरा कर लें, ताकि बाद में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



### परिवार पहचान पत्र से जुड़ा पोर्टल

*कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजपाल ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल अब किसानों के लिए एक तरह की पहचान बन चुका है, जिसे परिवार पहचान पत्र से जोड़ दिया गया है। इसी के आधार पर किसान अपनी फसल बेचने, खाद लेने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मूंगफली, पशु चारा व बागवानी फसलों का पंजीकरण अभी शेष है। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण की तारीख भी बढ़ सकती है।*

### जिले में हुई बिजाई

| क्षेत्र | गेहूं | सरसों | चना |
|---|---|---|---|
| भट्टूकलां | 21235 | 5503 | 598 |
| भूना | 22813 | 1882 | 16 |
| फतेहाबाद | 82221 | 3798 | 84 |
| जाखल | 11014 | 2 | 2 |
| कुलां | 12148 | 97 | 2 |
| रतिया | 54911 | 90 | 4 |
| टोहाना | 30777 | 462 | 10 |
| कुल | 235204 | 11837 | 719 |

### पंजीकरण न कराने पर होगी परेशानी

कृषि विभाग ने साफ तौर पर स्पष्ट किया है कि जिन किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं होगा, वे अपनी फसल मंडी में सरकारी खरीद के तहत नहीं बेच सकेंगे। चाहे फसल गेहूं हो या सरसों, बिना पंजीकरण के सरकारी खरीद संभव नहीं होगी। वहीं यदि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसल खराब होती है, तो बिना पंजीकरण वाले किसानों को मुआवजा भी नहीं मिलेगा।

### इन फसलों का हुआ पंजीकरण

कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 2 लाख 51 हजार 630 एकड़ एकड़ का पंजीकरण किया गया है। इसमें 36965 किसानों ने 2 लाख 35 हजार 204 एकड़ में गेहूं की फसल का पंजीकरण करवाया है। इसके अलावा 4701 किसानों ने 11 हजार 837 एकड़ में सरसों का पंजीकरण करवाया है। इसी तरह 408 किसानों द्वारा 719 एकड़ में में चने की फसल के लिए पंजीकरण करवाया है।



सिरसा। जिला सहकारी बैंक के बाहर धरना देते पैक्स कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष**

## पैक्स कर्मियों ने जिला सहकारी बैंक के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

- मांगों का हल न निकलने पर राज्य कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पैक्स कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सोमवार को सिरसा में जिला सहकारी बैंक के समक्ष धरना दिया और सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया। यूनियन के राज्य महासचिव भगवंत शर्मा ने बताया कि पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा लंबे समय से वेतनमान खामी, पदोन्नत्ति व पिछले 12 वर्षों से किसानों के पैक्सों से नए हद कर्जे न बनाना, पैक्सों में नियुक्त कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, या तब तक कौशल के सामान नियम लागू करने, ग्रेचुटी सीमा 20 लाख करना, मेडिकल सुविधा में परिवार शामिल करना आदि मांगों को लेकर महासंघ लम्बे समय से आंदोलन कर रहा है।

### आज होगी बैठक

मुख्यमंत्री द्वारा 2019 में वेतनखामी आदेश जारी करने बारे घोषणा की गई थी, लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी आदेश लंबित है। 2019 की घोषणा के बाद लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। राज्य कमेटी सदस्य देविंदर राणा, अमृतलाल नैन, भगवंत शर्मा, सुरजीत सिंह, फुला राम, सुखवीर पंचकूला, अनिल तुषीर सोनीपत ने मिलकर महासंघ की रणनीति अनुसार फैसला लिया कि 22 व 23 दिसम्बर को जिला सहकारी बैंक के दो दिन प्रदर्शन किया जाएगा। अगर आज की बैठक में कोई ठोस आश्वासन या तथ्य मांग बारे नहीं मिला तो उसके बाद अगली कड़ी में 29, 30, 31 दिसंबर तीन दिन पैक्स स्तर पर कलम छोड़ हड़ताल जारी रहेगी। फिर भी मांग व मुद्दों का हल नहीं निकलता है तो उसके बाद राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर अगला फैसला कड़ा व बड़ा लिया जायेगा।

## जरूरतमंदों की सेवा ही मानवता: एसपी

- जरूरतमंदों, असहाय लोगों को वितरित किए कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कड़ाके की सर्दी के बीच पुलिस ने जरूरतमंद लोगों को कंबल व अन्य राहत सामग्री वितरित कर सेवा का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि पुलिस न केवल कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं अहम भूमिका निभाती है, बल्कि जरूरतमंदों लोगों के लिए सर्दी के मौसम में बेसहारा, गरीब व बिना छत के घूम रहे बच्चों अहसाय बच्चों के लिए फरिश्ते बनकर कर उनकी हर प्रकार से सहायता भी कर रहे हैं। कहा कि पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अब तक 1077 जरुरतमंदों व अहसाय लोगों की मदद करने में पुलिस द्वारा हरसंभव प्रयास किए हैं। इसी कड़ी के तहत बीती रात्रि सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार व ऐलनाबाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रगट सिंह के नेतृत्व में शहर सिरसा एवं ऐलनाबाद स्थित झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल व कपड़े वितरित किए।



सिरसा। जरूरतमंदों को कंबल व कपड़े वितरित करते पुलिस कर्मी।

### आरके कालोनी में रेड नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए रतिया ने फतेहाबाद की आरके कालोनी में छापेमारी कर एक युवक को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि सीआईए टीम एएसआई रघुबीर सिंह के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ललित कुमार उर्फ लवली पुत्र श्यामलाल निवासी अहरवां, हाल आरके कॉलोनी, शनि मंदिर वाली गली, फतेहाबाद अपने घर से नशीली गोलियों की अवैध बिक्री करता है। सूचना को पुख्ता मानते हुए धारा 42 एनडीपीएस एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए फौरन रेड की गई।

## भिरडाना में चलाया नशा विरोधी अभियान

- 15 लीटर कच्ची शराब और 100 लीटर लाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने सोमवार को गाँव भिरडाना में नशा-विरोधी विशेष सर्च अभियान चलाया। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में, जैक और रैम्बो की श्वेत टीम ने संवेदनशील और नशा प्रभावित क्षेत्रों में पैदल गश्त करते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान सिगांरा सिंह, मांग सिंह और मोहर सिंह निवासी भिरडाना के घर से लगभग 15 लीटर कच्ची शराब और 100 लीटर लाहन बरामद की गई।



फतेहाबाद। गांव भिरड़ाना में तलाशी अभियान चलाती पुलिस टीम।

### लोगों को किया जागरूक

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वाहनों की गहन जांच की और संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े दोपहिया वाहनों की भी पड़ताल की। साथ ही मौके पर मौजूद युवाओं और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और नशे से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नशे की गतिविधियों पर अंकुश लगाना और असामाजिक तत्वों में भय पैदा करना है। उन्होंने कहा कि थाना सदर फतेहाबाद क्षेत्र में ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## महिला को मुनाफा कमाने का लालच देकर 70 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**अहमदाबाद के 6 लोगों पर केस दर्ज**

टोहाना में पति से अलग होकर बच्चों के साथ रह रही महिला के साथ 70 लाख की ठगी होने का मामला सामने आया है। अहमदाबाद में रहने वाले उसके परिचितों ने कबाड़ के बिजनेस में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर उससे 70 लाख रुपये हड़प लिए। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर निर्मल उर्फ मन्नत पत्नी पवन शर्मा निवासी जालंधर वर्तमान में अहमदाबाद, उसके पति पवन शर्मा, कमलेश बाई, साहिल, सोनी व मेहुल चौधरी निवासी अहमदाबाद के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर, टोहाना निवासी मीता गुप्ता ने कहा है कि वह अपने पति से अलग दोनों बच्चों के साथ रहती है। आरोपी और उनका परिवार उसे लंबे समय से जानते हैं और उनके घर आना-जाना लगातार रहता था। निर्मल उसकी दोस्त है। महिला ने कहा कि अकेले रहने व आय का स्त्रोत न होने का लाभ उठाकर निर्मल व उसके पति पवन ने उसे कबाड़ के व्यापार में निवेश करने और कम समय में अधिक लाभ कमाने का लालच दिया।

**समस्या : लोगों की अपील, प्रशासन इस ओर ध्यान दे और जल्द समाधान करे**

## भट्टूकलां में दस रुपये का सिक्का बना 'अस्वीकृत मुद्रा' दुकानदार लेने से कर रहे इनकार, ग्राहकों को परेशानी

सिक्का लेने से मना करने वाले दुकारदारों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

राजस्थान की सीमा से सटे भट्टूकलां क्षेत्र में इन दिनों आम लोगों को एक अनोखी लेकिन गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां राजस्थान में दस रुपये का सिक्का पूरी तरह से प्रचलन में है, वहीं भट्टूकलां के बाजारों में दुकानदार इसे लेने को तैयार नहीं हैं। भट्टूकलां के बाजार में रोजमर्रा की खरीदारी करने वाले उपभोक्ताओं को दस और बीस रुपये के नोटों की अचानक कमी ने मुश्किल में डाल दिया है। हालात यह हैं कि सब्जी मंडी से लेकर गली-मोहल्लों की किराना दुकानों तक हर जगह एक ही जवाब सुनने को मिल रहा है 'छुट्टा नहीं है।' नोटों की कमी के चलते लोग दस रुपये के सिक्कों का सहारा लेना चाहते हैं, लेकिन समस्या यहीं और गहरी हो जाती है। अधिकतर दुकानदार दस रुपये का सिक्का लेने से साफ इनकार कर रहे हैं। 'भैया, ये सिक्का नहीं चलेगा, नकली होने का डर है' ऐसा जवाब अब बाजारों में आम हो गया है। इस स्थिति का सबसे ज़्यादा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। रोजमर्रा का सामान लेने आए लोग असमंजस में पड़ जाते हैं। कई बार मजबूरी में ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं, तो कई बार बिना सामान खरीदे ही लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और बैंकिंग व्यवस्था इस समस्या पर जल्द ध्यान नहीं देती, तो आम आदमी की दिक्कतें और बढ़ सकती हैं।

### दस रुपये का सिक्का वैध मुद्रा, दुकानदार नहीं कर सकते इंकार: डीसी

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि दस रुपये का सिक्का भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया गया वैध चलन है। इसे लेकर आमजन में किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। किसी भी दुकानदार, व्यापारी या संस्था द्वारा 10 रुपये के सिक्के लेने से इंकार करना कानूनन गलत है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार स्पष्ट किया है कि 10 रुपये के सिक्के पूरी तरह वैध मुद्रा हैं और हर प्रकार के लेन-देन में स्वीकार किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिनमें कुछ दुकानदार 10 रूपए के सिक्के लेने से मना करते हैं। इस तरह का व्यवहार उपभोक्ताओं को असुविधा देने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई दुकानदार या व्यापारी दस रूपए का सिक्का लेने से मना करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस संदर्भ में संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन से भी अपील की कि वे 10 रूपए के सिक्के को लेकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सिक्के और नोट दोनों ही समान रूप से वैध मुद्रा हैं और इनका आदान-प्रदान बिना किसी बाधा के होना चाहिए। डीसी ने बताया कि यदि कोई दुकानदार वैध भारतीय मुद्रा (सिक्के या नोट) लेने से इनकार करता है, तो ऐसी स्थिति में व्यक्ति भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

हरिभूमि
सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

# प्रभु ईसा मसीह का संदेश
# बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

## सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।





## न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

## आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है। ❁

# क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन
निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।



**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।



**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायार्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरट। ❁

बच्चे और आप
नम्रता नदीम

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।

# दादा-दादी और बच्चे
# खूब भाता है एक-दूसरे का साथ



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं। ❁

मेकअप
सरिता गुप्ता

# फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स
# मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।

**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।



**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक। ❁

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**



# कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन
निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें। ❁

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### चोरी मामले में युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव किरढ़ान स्थित किन्नु के बाग में चोरी करने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आरोपी अमनजीत सिंह उर्फ मनजीत पुत्र बहादुर सिंह निवासी किरढान के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उप निरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि शिकायतकर्ता नवनीत गोदारा पुत्र नेमचन्द्र गोदारा, निवासी किरढान ने शिकायत दी थी कि 11 दिसंबर की रात कुछ युवक उसके किन्नू बाग से फल चोरी करते हुए पकड़े गए, जो मौके से फरार हो गए और अपना मोटरसाइकिल व दो कट्टे किन्नू मौके पर छोड़ गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले करीब एक माह से चोरी कर रहे थे।

### उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा।** जन शिक्षण संस्थान ने सोमवार को पूर्व विद्यार्थियों के रोजगार मार्गदर्शन के लिए उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम किया। निदेशक धर्मपाल गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक के प्रबंधक सुखमीत सिंह मुख्यातिथि, पूर्व साक्षरता मिशन अधिकारी भूपेंद्र देव तथा यूनियन बैंक के सहायक प्रबंधक रोहित कुमार विशिष्ट थे। निदेशक धर्मपाल गर्ग ने बताया कि बैंक प्रबंधक द्वारा विस्तार से लोन योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि विद्यार्थी अपना कार्य शुरू कर पाए। इस दौरान संस्थान के 50 पूर्व प्रशिक्षणार्थी का उद्यम आधार बनाया गया।

### स्कूली बच्चों को जूते और जर्सियां की वितरित

**सिरसा।** बरूवाली प्रथम के राजकीय उच्च विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को जूते, जुराबें और जर्सियां भेंट की। स्कूल प्रांगण में आयोजित एक समारोह में जीतू कंबोज और उनकी टीम ने उक्त समान वितरित किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश कंबोज, प्रवीण कंबोज, बादल कंबोज, ब्लॉक समिति सदस्य वेद प्रकाश, प्रेम चंद, महेंद्र कुमार व गणमान्य मौजूद थे। सरपंच प्रतिनिधि राजेश कंबोज ने इस नेक कार्य के लिए जीतू कंबोज और उनकी पूरी टीम की सराहना की।

### कल प्रदर्शन कर सौंपे जाएंगे ज्ञापनः वर्मा

**सिरसा।** हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑप्रेटर संघ की मीटिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बीएमएस जिला मंत्री चरणजीत वर्मा, सिरसा सीपीएलओ जिला प्रधान संजय सीपीएलओ ने संयुक्त रूप से की। उनके साथ जिला कोषाधिकारी दिनेश कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आगामी 24 दिसंबर को पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर प्रदर्शन कर डीसी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। भर्ती के समय ऑप्रेटरों का वेतन 6 हजार रुपए तय किया गया था। अभी तक यही वेतन दिया जा रहा है, जोकि बहुत कम है। महंगाई के इस जमाने में इतने वेतन से परिवार का पालन-पोषण करना बड़ा मुश्किल हो रहा है।

## अयाल्की स्कूल में 'एक संवाद-नशे के खिलाफ' कार्यक्रम का आयोजन

# युवा पढ़ाई और खेलों में व्यस्त रहकर नशों से दूर रहें : भवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अयाल्की स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक करते भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

जिले को नशामुक्त करने के अभियान में जुटे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गांव अयाल्की स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'एक संवाद-नशे के खिलाफ' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने भाग लिया। प्रिंसीपल सुभाष टुटेजा ने मुख्यअतिथि का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया।

मुख्य वक्ता भवानी सिंह ने छात्रों को बताया कि नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक पतन का कारण भी बनता है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। यदि हमारी युवा पीढ़ी नशे के जाल से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाएगी, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। पढ़ाई और खेल युवाओं को नशे से दूर रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वह मन लगाकर पढ़ो और खूब खेलो। खेलोगे तो आगे बढ़ोगे और नशे से दूर रहोगे। उन्होंने कहा कि जब युवा खाली होता है तो उसका दिमाग गलत रास्ते पर ले जाता है।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर गुरदीप अयाल्की, सुरेश कुमार, विश्वकर्मा, रोशन, शांति पूनियां, नछतर सिंह, सुखविन्द्र कौर, प्रियंका, मंजू, जय, कुलदीप, सीमा, नितेश, राजेश, धर्मपाल, मुकेश, रजनी, अमरावती सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

### रतिया पुलिस की पहल से नशे की गिरफ्त से बाहर आए दो युवा

*रतिया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत रतिया पुलिस नशे की लत से जूझ रहे युवाओं को न केवल जागरूक कर रही है, बल्कि उन्हें नशा छोडने की राह पर भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में रतिया पुलिस द्वारा की गई मानवीय पहल का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। रतिया शहर के वार्ड 3 निवासी दर्शन सिंह ने रतिया सिटी पुलिस द्वारा दी गई सहायता के लिए सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे जॉनी और हरदीप उर्फ टिड्डी लंबे समय से नशे की लत में फंसे हुए थे, जिससे पूरा परिवार मानसिक और सामाजिक परेशानी झेल रहा था। दर्शन सिंह ने बताया कि रतिया सिटी पुलिस ने न केवल उनके बेटों की स्थिति को गंभीरता से समझा, बल्कि उन्हें नशा मुक्ति की दिशा में प्रेरित करते हुए उचित उपचार भी दिलवाया। पुलिस के सहयोग से दोनों युवाओं को समय पर दवाइयां और मार्गदर्शन मिला, जिससे वे धीरे-धीरे नशे से बाहर आ सके। दर्शन सिंह ने भावुक होते हुए कहा, रतिया पुलिस ने मेरे परिवार को फिर से खुशियां लौटाई। मैं पुलिस अधीक्षक और रतिया सिटी पुलिस का दिल से धन्यवाद करता हूँ। अगर पुलिस का सहयोग नहीं मिलता, तो शायद मेरे बेटों की जिंदगी बचाना मुश्किल हो जाता। रतिया पुलिस द्वारा ऑपरेशन जीवन ज्योति के अंतर्गत नशा-पीड़ित युवाओं को इलाज, काउंसलिंग और सामाजिक सहयोग से जोडने का यह प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश दे रहा है। यह पहल न केवल नशे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत कर रही है, बल्कि परिवारों को टूटने से बचाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। रतिया पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है, तो उसे छुपाने के बजाय पुलिस से संपर्क करें। पहचान पूर्णतः गोपनीय रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।*



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## नशा व मोबाइल से बच्चों को दूर करने के लिए निरंतर करवाएं खेलः जसपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- दिल्ली पब्लिक स्कूल में एक भारत-श्रेष्ठ भारत थीम पर वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का किया आयोजन
- विजेता बच्चों को मुख्यातिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सोमवार को एक भारत-श्रेष्ठ भारत थीम पर वार्षिक स्पोर्ट्स मीट हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी हरपाल सिंह व प्रो. सरदार बलदेव सिंह व मीनू कालीरमन ने शिरकत की।

अर्जुन अवार्डी जसपाल सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा होने चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से परिपक्व बनाते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि मोबाइल की लत ने बच्चों को खेल से काफी दूर कर दिया है, लेकिन अगर खेलों का निरंतर आयोजन किया जाए तो इन सब समस्याओं से दूर हटकर एक स्वस्थ व बेहतर भविष्य की कल्पना की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि मीनू कालीरमन ने कहा कि खेल बच्चों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

इस दौरान स्टेट वाइज झांकियां निकाली गई, जो कि मुख्य आर्कषण का केंद्र रही। इस मौके पर बच्चों की कई प्रकार की रेस भी करवाई गई। विजेता रहे बच्चों को मुख्यातिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## एसओजीएस ने आयोजित की प्रसव संबंधी समस्याओं पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- कार्यशाला के दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि काबरा व डॉ. शिबा मरवाह ने पीपीएच से बचाव संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की

सिरसा ऑब्सट्रेशियन एंड गायनी सोसायटी (एसओजीएस) द्वारा निजी होटल में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय पीपीएच यानी प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव रखा गया था। कार्यशाला के दोरान दिल्ली की जानी मानी महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि काबरा व डॉ. शिबा मरवाह द्वारा पीपीएच से बचाव संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।

एसजीओएस की अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोमर व सचिव डॉ. दिव्या तलवार के नेतृत्व में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें शहर की तमाम जानी-मानी महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों, नागरिक अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी के लेबर रूम स्टाफ ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यशाला में 75 से भी अधिक डॉक्टर्स, नर्सेज और लेबर रूम स्टाफ ने कार्यशाला में जानकारियां प्राप्त कर लाभान्वित हुए। दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में सीनियर प्रोफेसर डॉ. शशि काबरा व सफदरजंग अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक शिबा मरवाह ने अन्य बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां यहां उपस्थित प्रसव से संबंधित चिकित्सकों, नर्सेज व लेबर रूम स्टाफ को मुहैया करवाईं जिसका उन्हें भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा।

महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रसव संबंधित अन्य कई जानकारियां भी उपस्थित लोगों से साझा की। दोनों महिला चिकित्सकों ने बच्चे के जन्म के समय अत्यधिक रक्तस्त्राव जो 500 एमएल या अधिक हो जाता है, के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि अत्यधिक रक्तस्त्राव एक गंभीर स्थिति होती है जो प्रसूता के लिए जानलेवा भी साबित हो सकती है।

## मेडिकल स्टोर संचालकों की होगी वेरिफिकेशन : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एडीसी वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि जिले में कार्यरत सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। यदि कोई मेडिकल स्टोर संचालक अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी वीरेंद्र सहरावत सोमवार को सिरसा में नारकोटिक्स कोर्डिनेशनल कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

एडीसी ने कहा कि जिले में कार्यरत ऐसे मेडिकल प्रैक्टिशनर पर कड़ी निगरानी रखी जाए जो नशा गतिविधियों में संलिप्त है, ऐसे लोगों की पहचान पुलिस व स्वास्थ्य विभाग दोनों ही करें और ऐसे लोगों के खिलाफ छापामारी भी की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गांव स्तर पर निगरानी कमेटियां पुलिस की ओर से बनाई जा रही है। इन कमेटियों के साथ बेहतर तालमेल बनाया जाए। यदि ये कमेटियां कोई सूचना देती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाही की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्राम व वार्ड स्तर पर कमेटियों को सक्रिय किया जाए ताकि नशे में संलिप्त लोगों की जानकारी सटीक रूप में पहुंचे।



सिरसा। बैठक को संबोधित करते एडीसी वीरेंद्र सहरावत। फोटो : हरिभूमि

### ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी हासिल कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपें

*डिप्टी सीएमओ डा. पंकज शर्मा ने कहा कि जो बच्चे स्कूल बीच में छोड़ चुके हैं, ऐसे बच्चों पर भी निगरानी की जानी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी स्कूल स्तर से हासिल कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपें। स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर पर संबंधित बच्चों के बारे में जानकारी हासिल कर सकें ताकि यदि बच्चा नशे की प्रवृति से घिर गया हैं तो उनकी काउंसलिंग आदि करवाई जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कॉलेज स्तर पर भी ऐसे बच्चों की सूची स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करवाई जाए।*

### एसपी ने यह कहा

पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण ने कहा कि कोई बच्चा नशे की चपेट में आ गया है तो उसकी जानकारी अभिभावक के साथ ही अध्यापक को मिल जाती है। दिन भर में छह से आठ घंटे बच्चा अध्यापक के संपर्क में रहता है और उसे बच्चे के लक्षण से ही नशा करने की जानकारी हासिल हो जाती है। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्कूल के प्रिंसिपल व संचालकों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें नशा मुक्ति अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि पुलिस विभाग की ओर से नशे के खिलाफ युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए डाक्यूमेंटरी भी बनाई जाएगी, जिन्हें जिलेभर के स्कूलों में दिखाया जाएगा। एसडीएम सिरसा राजेंद्र सिंह, एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार, डीएसपी संजीव कुमार, ड्रग कंट्रोल ऑफिसर केशव वशिष्ट, डा. शुभम बतरा मौजूद रहे।

### घनी धुंध को लेकर फतेहाबाद पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, चालकों से सतर्कता की अपील

**फतेहाबाद।** शीत ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में घनी धुंध का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन के लिए महत्वपूर्ण पुलिस एडवाइजरी जारी करते हुए सभी नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। एसपी ने कहा कि धुंध के समय दृश्यता अत्यंत कम हो जाती है, ऐसे में थोड़ी-सी



लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा फतेहाबाद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए जन-सहयोग अत्यंत आवश्यक है। वाहन चालकों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी करते हुए एसपी ने वाहन चालकों से अपील की कि धुंध के दौरान वाहन की गति नियंत्रित रखें। फॉग लाइट व डिपर लाइट का सही प्रयोग करें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अचानक ब्रेक लगाने से बचें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट व रिफ्लेक्टर जैकेट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने पैदल यात्रियों से अपील की कि सडक़ पार करते समय विशेष सावधानी बरतें तथा अंधेरे व धुंध में चमकीले या रिफ्लेक्टर युक्त कपड़े पहनें। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगवाने की सलाह भी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फतेहाबाद पुलिस धुंध के मौसम को देखते हुए एनएच, स्टेट हाईवे और संवेदनशील मार्गों पर गश्त, चेकिंग और ट्रैफिक मैनेजमेंट को और सुदृढ़ कर रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। एसपी ने कहा, आपकी थोड़ी-सी सावधानी न केवल आपकी, बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकती है। नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। फतेहाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर तुरंत संपर्क करें।

### निशुल्क आखों के कैंप में 250 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा स्वर्गीय मेघ राज जिंदल की याद में आंखों के मुफ्त ऑपरेशन कैम्प का आयोजन किया। कैम्प का उद्घाटन मनोज जिंदल ने परिवार सहित रिबन काट कर किया। इस कैम्प में डॉ. राहुल सिंगला ने करीब 600 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से 250 जरुरतमंद नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश के तहत इनमें क्रमवार ऑपरेशन किए जाएंगे। इस कैम्प के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष विशाल वढ़ेरा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में आखें महत्वपूर्ण अंग हैं जिनके बिना जीवन की कल्पना ही अधूरी है। आंखों में बढ़ती उम्र के साथ मोतियाबिंद होना आम बात है लेकिन धन अभाव के कारण ऑपरेशन न करवा पाने के कारण अंधता का दंश झेल रहे हैं। क्लब द्वारा ऐसे लोगों के लिए कैम्प लगाकर पुण्य जा कार्य किया है। एलसीआईएफ के जनपद समन्वयक हरदीप सरकारिया, विशिष्ट अतिथि संजय गांधी, महेश बंसल ने क्लब के इस पुनीत कार्य की सराहना की। शिविर का प्रारम्भ डॉ. रमेश गुप्ता ने ईश वंदना से किया। प्रधान कपिश गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन कुलदीप शर्मा, सह परियोजना अधिकारी सुरेश जिंदल ने अतिथियों का पटके डाल कर स्वागत किया। मंच संचालन सचिव शिव सोनी ने किया। इसी दौरान क्लब द्वारा दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर आशीष कक्कड़ ने मरीजों के दांतों की जांच की। इस अवसर पर क्लब के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### मनरेगा के नाम बदलने को लेकर बेवजह मुद्दा बना रही है कांग्रेस, फर्जीवाड़ा रुकेगा : बराला



**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि वीबी-जीरामजी कानून में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जीपीएस सिस्टम और बायोमेट्रिक प्रणाली को और मजबूत किया गया है, जिससे फर्जीवाड़े और अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगेगी। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर मनरेगा का नाम बदलने को लेकर बेवजह मुद्दा बना रहे हैं। मनरेगा कांग्रेस सरकार में बना था, लेकिन इसमें व्याप्त खामियों को दूर करने के लिए संशोधन जरूरी थे। नाम बदलने से विपक्ष तिलमिला रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि इस कानून से मजदूरों को अब पहले से अधिक रोजगार और बेहतर व्यवस्था मिलेगी। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह, फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संसद के हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार द्वारा नौ महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए हैं, जो देश के नागरिकों के भविष्य को सुरक्षित और सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। बराला ने कहा कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) केंद्र सरकार की एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक पहल है, जो ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः उपायुक्त

**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की मासिक बैठक सोमवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि रोड सेफ्टी से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, अंडर एज ड्राइविंग, बिना साइड मिरर के वाहनों के चालान किए जाए। समाचार पत्रों में प्रकाशित विभाग से संबंधित नकारात्मक समाचार का संज्ञान लेकर एक्शन टेकन रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में जमा करें। उपायुक्त ने सभी सडक़ संबंधित विभागो को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जोन में स्थित स्कूलों की संख्या, स्कूल जोन में स्पीड ब्रेकर, रबर स्ट्रिप, साइन बोर्ड, रोड मार्किंग एवं अन्य सुरक्षा उपायों का विस्तृत विवरण तैयार करें। जहां ये व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में ब्लैक स्पॉट्स तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की विशेष समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे क्षेत्रों में रोड मार्किंग, चेतावनी संकेतक एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।




## व्यापारी देश की रीढ़ : हीरालाल




सिरसा। व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव व जिला प्रधान हीरालाल शर्मा ने कहा कि व्यापारी देश की रीढ़ की हड्डी हैं। व्यापारी ही एक ऐसा वर्ग है जो सरकार के खजाने में अनेक प्रकार के ट्रैक्सों के रूप में धनराशि जमा करवाता है, जिससे सरकार के विकास कार्य और अनेक प्रकार की सरकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अधिकारी द्वारा व्यापारी को अपने निजी स्वार्थ के कारण तंग या परेशान किया गया तो व्यापार मंडल चुप नहीं बैठेगा। हीरा लाल शर्मा सोमवार को सिरसा में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद बियानी ने कहा कि सरकार व्यापारियों को जो सुविधा मिलनी चाहिए, वो सरकार नहीं दे पा रही है। व्यापारियों के जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेवारी सरकार की है, जिस पर वो खरा नहीं उतर रही। व्यापार चौपट होकर रह गया है। उन्होंने व्यापारियों के संगठित होने व अपने हकों की लड़ाई के लिए अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

**ये रहे मौजूद**

*सम्मेलन में जिला संरक्षक राजकमल भाटिया, कृष्ण गुप्ता, उपप्रधान अंजनी कनोडिया, केदार पाहवा, प्रदेश सचिव सुधीर ललित, शहरी संरक्षक कंवलजीत सिंह व रामकिशन गोयल, सुरेश गोयल, सोम सेठी, जयप्रकाश भोलुसरिया, आईटी सैल के प्रधान संदीप मिढ़ा, कीर्ति गर्ग, महासचिव अश्वनी बांसल, कोषाध्यक्ष भीम सिंगला, उपप्रधान प्रेम गुप्ता, नरेश जिंदल, हीरालाल गर्ग, अमित गाबा आदि मौजूद रहे।*

**धर्म-कर्म** | वृंदावन धाम से पधारे प्रेमानंद महाराज ने किया गोकथा का वाचन

संत बाबा भूमणशाह के 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# बाबा ब्रह्मदास महाराज ने डेरा बाबा भूमणशाह में किया गोकथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा






सिरसा। डेरा बाबा भूमणशाह में गौकथा करते प्रेमानंद तथा कथा श्रवण करते हुए साध संगत। फोटो : हरिभूमि

मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह, संघरसाधा में उदासीन संत बाबा भूमणशाह के 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर सोमवार को गोकथा का शुभारंभ डेरे के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने किया।

इस अवसर पर गोमाता का पूजन किया गया और गोकथा का वाचन वृंदावन धाम से पधारे प्रेमानंद महाराज ने गोमाता की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि गौमाता के शरीर में करोड़ों देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए हिंदु धर्म में गोमाता का स्थान पूजनीय है।

उन्होंने कहा कि गोमाता की सेवा व सुरक्षा को हमेशा तैयार रहना चाहिए। गोमाता के लिए की गई सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती।

मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह में आज गोकथा का समापन गोमाता की सेवा के संकल्प के साथ हो गया। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि महापरिनिर्वाण दिवस की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है और डेरे को रंग-बिरंगी विद्युत लड़ियों से भव्य रूप से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को श्री अखंड पाठ का शुभारंभ होगा, इसके अलावा फ्री चिकित्सा शिविर का शुभारंभ डेरे के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज करेंगे।

### आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को शहीद उधम सिंह के जन्मोत्सव पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम, खेल उत्सव, रक्तदान शिविर का शुभारंभ बाबा ब्रह्मदास महाराज करेंगे। इसके अलावा सांय को शबद कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। महापरिनिर्वाण दिवस पर 27 दिस बर 2025 को सुबह श्री श्रीअखंड पाठ का भोग डाला जाएग, इसके अलावा शबद कीर्तन व देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं को दोपहर 12 बजे बाबा ब्रह्मदास महाराज प्रवचन व आशीर्वाद देंगे। महापरिनिर्वाण दिवस में देश-विदेश से साधु-संत भी शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी के आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा जिले की एक महिला से करीब नौ लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को राजस्थान के उदयपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर नगद राशि, 16 मोबाइल, दो लैपटाप एवं 16 डेबिट कार्ड भी बरामद किए गए हैं।जांच के दौरान साइबर थाना पुलिस ने सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपी सागर पुत्र पवन सिंह निवासी खैमपुर तहसील मालवी जिला उदयपुर राजस्थान व विनोद पुत्र सुरेश कुमार निवासी सरदारगढ़ रोड़ पेट्रोल पंप के पीछे आमटे जिला राजसंमद, को जिला उदयपुर राजस्थान क्षेत्र से काबू कर लिए हैं।

### कंप्यूटर ऑपरेटर मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 24 दिसंबर को फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपकर इन्हें जल्द पूरा करने की मांग की जाएगी। हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन के जिला प्रधान सुरेश कुमार व सचिव सुभाष कुमार ने बताया कि सीपीएलओ को अपनी सेवाएं देते हुए करीब 22 महीने से अधिक का समय हो चुका है।

### नेशनल कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में सोमवार को साईंस एंड मैथ कलब की ओर से राष्ट्रीय गणित दिवस पर सामूहिक चर्चा हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि 22 दिसंबर का दिन देश के महान गणितज्ञ व गणित के जादूगर श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है। इस दिन का उद्देश्य छात्रों में मानव जीवन के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस चर्चा में विद्यालयों के छात्रों ने बढ चढक़र भाग लिया और इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। उन्होंने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान, गणित के दैनिक जीवन में महत्व, तर्कशक्ति और रचनात्मकता में इसकी भूमिका पर चर्चा की गई।

### जनकल्याण ही जीवन का मूल उद्देश्यः डॉ. शर्मा

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज सिरसा में एनएसएस प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को समाजसेवा के तहत जरूरतमंद लोगों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत एनएसएस सेल प्रभारी डॉ. जीतराम शर्मा तथा यूनिट के वरिष्ठ स्वयंसेवक मि. चेतन्य व मिस मुस्कान ने गरीब परिवारों और भाई कन्हैया लाल आश्रम में रह रहे लोगों को सर्दियों के कपड़े वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने समाजसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को भी ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुहियांवाली में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या गुरवंत कौर ने कहा कि गणित के प्रति विद्यार्थियों में खौफ दिखता है लेकिन गणित सबसे आसान विषय है। गणित का सवाल एक बार दिमाग में आ जाता है तो उसको कभी नहीं भूल सकते। गणित पढने के लिए बेहतर तरीके की जरूरत पड़ती है। गणित हमारे प्रतिदिन के क्रियाक्लापों व एक्टिविटी में प्रयोग होता है। गणित प्रवक्ता रोहताश गोदारा ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की 8 टीमें बनाकर करवाई गई। टीमों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# गरीबों के अधिकारों को कुचल रही केंद्र सरकार : अरविंद शर्मा

कांग्रेस हमेशा गरीब, मजदूर और किसान के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी




**फतेहाबाद।** मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद। प्रदर्शन के बाद एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते वामपंथी नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर/निरस्त करने की साजिश के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से लेकर लाल बत्ती अंबेडकर चौक तक पैदल मार्च निकालकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सरकार से मांग की गई कि मनरेगा को खत्म करने के बजाय और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी मिल सके। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, मजदूर और किसान के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी और जनविरोधी फैसलों का डटकर विरोध करती रहेगी। प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन जयपाल लाली, मंगतराम लालवास, मा. सतबीर सिंह भूथन, कल्याण सिंह भादू, सजिन्द्र बैनीवाल भट्टू, रणधीर बोदीवाली, गुरजिन्द्र सिंह जोहल, देवराज हड़ौली, पवन भूथन, अंकित सिल्ला, बलजीत गोरखपुर, अंकित कम्बोज भूना, निरंजन शर्मा, राय साहब डूम, पूर्व सरपंच गुरसेवक, भूप सिंह सरपंच काजलहेड़ी, राम सिंह बरेटा, बलदेव सिंह राम गडिय़ा, हंसराज शहीदांवाली, श्याम सुंदर बंसल, साधुराम माचरा, दक्ष मैहता, रमेश डांगरा टोहाना, लवप्रीत हड़ौली, नवनीत गोदारा, कृष्णा पूनिया सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### डीसी दफ्तर पर प्रदर्शन की जलाई कानून की प्रतियां

**फतेहाबाद।** भाजपा सरकार गरीबों के अधिकारों पर बुलडोजर चला रही है। इस बुलडोजर का मुकाबला करने के लिए व्यापक आंदोलन का निर्माण करना होगा। यह बात भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव जगतार सिंह ने वामपंथी पार्टियों के आह्वान पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत डीसी दफ्तर फतेहाबाद पर किए गए आक्रोश प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कही। प्रदर्शन का संचालन रामकुमार बहबलपुरिया ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सब्जी मंडी में इक_ होकर कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे और मजदूर विरोधी नए कानून की प्रतियां जलाई गई। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम मनरेगा कानून बहाल करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा कानून गरीबों के रोजगार के लिए एवं ग्रामीण विकास के लिए लाभदायक साबित हो सकती थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक योजनाबद्ध षडयंत्र से इस कानून को ही खत्म करके अपने गगरीब विरोधी चरित्र को ही उजागर किया है। ये गरीबों के अधिकार पर सबसे बड़ा हमला है। इस हमले का मुकाबला करने के लिए पूरे देश भर में सडक़ों पर उतर कर प्रतिरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया कानून वीबी- जी राम जी अपने नाम से ही इसके असली इरादों को उजागर करता है। भाजपा द्वारा लोकसभा में पारित बिल भाजपा के खोखले वादों की पोल खोलता है तथा भारत में मुश्किल से हासिल किए गए काम के अधिकार 'मनरेगा' को खत्म करने की एक खतरनाक कोशिश छिपी हुई है।भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ लोग एकजुट है।

## धुंध में बचाव के लिए फील्ड रेडी पुलिसिंग का अभ्यास किया



**फतेहाबाद।** परेड के दौरान पुलिस कर्मचारियों से बातचीत करते एसपी।

- एसपी ने फील्ड में पहुंचकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सोमवार सुबह घनी धुंध के बीच पुलिस लाइन फतेहाबाद में कर्मचारियों ने फील्ड-रेडी पुलिसिंग का अभ्यास किया। परेड ग्राउंड पर सटीक ड्रिल, एकरूप मार्च और स्पष्ट कमांड के साथ जवानों ने अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया। परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस, वर्दी-अनुशासन और टीमवर्क का बारीकी से मूल्यांकन किया तथा संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक जैन ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी हर परिस्थिति में संयम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। परेड के पश्चात एसपी ने ईआरवी, पीसीआर और राइडर यूनिट्स की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय न्यूनतम रखते हुए आमजन को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने जवानों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक संतुष्ट पुलिसकर्मी ही बेहतर सेवा दे सकता है। एसपी ने जवानों को नियमित व्यायाम, अनुशासित दिनचर्या और नशे से पूर्ण दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्थिर मन ही पुलिस बल की असली ताकत है। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय कुलवंत सिंह भी मौजूद रहे।

# वर्मी कम्पोस्ट प्लांट लगाने के नाम पर ठगी

- जीरकपुर की कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खेत में वर्मी कम्पोस्ट प्लांट लगाने और फ्रेंचाइजी देने के नाम पर जिले के एक किसान से लाखों की ठगी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने जीरकपुर स्थित एमीगोस नेचर केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, उसके निदेशक एसएएस नगर मोहाली के कुलबीर सिंह, पार्टनर बलविंदर सिंह और सरवजोत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणी चानचक, अयाल्की निवासी गगनदीप सिंह पुत्र सुखबीर सिंह ने बताया कि एमीगोस नेचर केयर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी तथा उसके निदेशक कुलबीर सिंह पुत्र जसदेव सिंह निवासी एसएएस नगर मोहाली, उसके भाई बलविंदर सिंह व सरवजोत सिंह ने उसके साथ वर्मी कम्पोस्ट प्रोडक्शन व फ्रेंचाइजी के नाम पर मीठी-मीठी बातों व झूठे आश्वासनों के माध्यम से संपर्क किया। इन लोगों ने उसे विश्वास दिलाया कि कंपनी में निवेश करने पर वह उनके खेत में वर्मी कम्पोस्ट प्रोडक्शन का प्लांट लगाएंगे और उसके लिए पर्याप्त मशीनरी, बैड व शैड सब उपलब्ध करवाएंगे। यह लोग स्वयं को कंपनी के डायरेक्टर और पार्टनर बताते हुए उसके घर व खेत पर आए।

### आरोपियों के चेक बाउंस

गगनदीप सिंह ने बताया कि इनकी बातों पर विश्वास कर उसने चार अलग-अलग एग्रीमेंट्स 8 अगस्त 2024, 18 सितंबर 2024, 29 अक्टूबर 2024 और 25 नवंबर 2024 को किए और लाखों रुपए के फ्रेंचाइजी भुगतान कंपनी को किए। भुगतान चेक, यूपीआई और नगद रूप में किए जोकि विशेषकर कुलदीप सिंह को किया गया। गगनदीप का आरोप है कि शुरुआत में ये लोग भरोसा दिलाते रहे, लेकिन बाद में इन्होंने न तो कोई काम किया और न ही उसे कोई फायदा या सामग्री प्रदान की। इसके उलट, जब राशि वापस मांगनी चाही तो इन्होंने बहाने बनाने शुरू कर दिए। जगगनदीप ने बताया कि मजबूरी में जब उसने कड़े शब्दों में भुगतान मांगना शुरू किया तो इन लोगों ने अलग-अलग बैंकों के चेक दिए , जो बाउंस हो गए।

### नहीं दिया लीगल नोटिस का जवाब

गगनदीप सिंह ने बताया कि इसके बाद भी रुपए नहीं दिए तो तीन अलग-अलग लीगल नोटिस भिजवाए। मगर इन्होंने किसी भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। इस तरह इन चारों लोगों ने उसके साथ जान बूझकर ठगी की है। इसके बाद उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दी। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रशासकीय सेवाओं के लिए एसपी ने उप-निरीक्षक राहुल को किया सम्मानित

- फतेहाबाद से हिसार रेंज में ट्रांसफर होने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** रीडर राहुल को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने अपने रीडर उप-निरीक्षक राहुल के स्थानांतरण के उपरांत उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और बेदाग कार्यकाल के लिए उन्हें विशेष तौर पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उप-निरीक्षक राहुल का तबादला फतेहाबाद से हिसार रेंज ऑफिस में होने पर उन्हें एक विदाई दी गई। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने राहुल की कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद में नियुक्ति के दौरान राहुल ने न केवल एक सजग पुलिस अधिकारी के रूप में काम किया, बल्कि प्रवाचक की जिम्मेदारी को पूरी पारदर्शिता और तत्परता से निभाया। एसपी ने राहुल की तारीफ में कहा कि राहुल ने अपने कार्यकाल के दौरान हर कार्य को पूरी मेहनत और ईमानदारी से अंजाम दिया। फाइलों के प्रबंधन से लेकर पुलिस प्रशासन के महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा किा।

### भाजपा ने संयोजक और सह संयोजक किए नियुक्त

- वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित होंगे

**फतेहाबाद।** बीजेपी के जिलाअध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी से विचार विमर्श एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य के सलाहानुसार वीर बाल दिवस कार्यक्रम के आयोजन हेतू जिला स्तरीय समिति का गठन करते हुए जगजीत सिंह नडैल चेयरमैन को जिला संयोजक एवं जिला सचिव स. निर्मल सिंह व स. अमृतपाल खुम्बर को सह संयोजक नियुक्त किया है। इसी प्रकार 24 दिसम्बर को पंचकुला जिमखाना क्लब में आयोजित होने वाले मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प हेतू जिला स्तरीय समिति में जिला उपाध्यक्ष संजय रेवड़ी को जिला संयोजक तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिट्टू गुर्जर व नवदीप नांगली को सह संयोजक नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आगामी कार्यक्रमों के लिए नियुक्त किए गए संयोजक व सह सयोजक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

## रेणु नारंग बनीं इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक 309 की ऑडिटर

- महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाएगा : नारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 309 की नई कार्यकारिणी।

इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 309 के चुनाव सिरसा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव परिणामों में रेणु नारंग को डिस्ट्रिक्ट ऑडिटर पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। रेणु नारंग इनर व्हील क्लब पिंक सिटी की फाउंडर अध्यक्ष रही हैं। संगठन के प्रति उनके समर्पण और उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिस्ट्रिक्ट ऑडिटर चुने जाने पर रेणु नारंग ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब सेवा, सहयोग और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों पर कार्य करता है और वे अपने कार्यकाल में संगठन की वित्तीय प्रक्रियाओं को और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाने का प्रयास करेंगी।

### सोलर-सिस्टम लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

**सिरसा।** शहर के कंगनपुर निवासी एक व्यक्ति से सौलर सिस्टम लगाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में कंगनपुर रोड निवासी जसविंद्र सिंह ने बताया कि धिंगतानिया के राजबीर कौर व मरिंद्र सिंह सोलर प्लेटें लगाने का काम करते हैं और उनकी सनपावर सोलर सलूशन नाम से कंपनी है। उन्होंने उससे कहा, उनके घर पर 3 किलोवाट तक की सोलर प्लेटें लगा देगा और बाद में उसे 10 किलोवाट कर देगा। उसने 3 किलोवाट की सोलर प्लेटें व 6 किलोवाट तक इन्वर्टर के साथ लगाकर कुल 2 लाख रुपए की कोटेशन बनाकर भेजी, जिसमें सारा सैट-अप करके देना था। वारी कंपनी ए ग्रेड 575 वाट के 18 पैनल लगा देगा।



**सिरसा।** बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें : प्रदीप

**सिरसा।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक हुई जिसमें पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विगत कुछ महीनों में पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। भजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका तय करने तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उनके जमीनी प्रभावों की जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। भाजपा नेता रोहतास जांगड़ा ने सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों, विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में एसआईआर पर दिए गए संबोधन का वीडियो सभी कार्यकर्ताओं ने सुना। जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि जिला संगठन मजबूती के साथ पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

## एनकोर्ड कमेटी की बैठक में डीसी व एसपी ने दिए सख्त निर्देश

# नशे के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति : डॉ. भारती

*उपायुक्त का शिक्षा विभाग को निर्देश, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जागरूकता और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं व बच्चों के बीच नशा मुक्ति अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाए। डीसी ने पुलिस प्रशासन को आदेश दिए कि नशा बेचने वालों पर लगातार छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए और किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम को लेकर यह निर्देश डीसी ने जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

### सख्त कार्रवाई करेंगे

डीसी ने शिक्षा विभाग और खेल विभाग को आदेश दिए कि वे विद्यालयों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रयास तेज करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी निर्देश दिए कि नशीले पदार्थ बेचने वालों पर लगातार छापेमारी की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो। औषधि विभाग को नियमित निरीक्षण करने के आदेश देते हुए डीसी ने कहा कि मेडिकल स्टोरों पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का सख्ती से पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँ और निरीक्षण के दौरान स्टॉक रिकॉर्ड की गहन जांच की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले केमिस्टों और फर्मों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में वीडियो और अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके।

### जड़ से खत्म करेंगे

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बैठक में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की रणनीति को स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान, नेटवर्क तोडऩे, खुफिया सूचनाओं को मजबूत करने और त्वरित कार्रवाई पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की जड़ तक पहुंचने के लिए पुलिस हर स्तर पर सख्त और निरंतर कार्रवाई कर रही है। एसपी ने ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए कि मेडिकल दुकानों की जांच को और सघन किया जाए तथा अनियमितता मिलने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। रेडक्रॉस सोसायटी को अधिक से अधिक नशा-पीड़ित युवाओं को उपचार, काउंसलिंग और केयर सपोर्ट से जोडऩे के निर्देश दिए गए। बैठक में जेल अधीक्षक रमेश कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. बुधराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढ़िलोड़, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में डीसी ने शिकायतें सुनकर समाधान के निर्देश दिए

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपायुक्त ने आमजन की विभिन्न समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटान समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान शिविर में टोहाना निवासी जोगा ने पीपीपी आईडी में नाम सही करवाने, चिंदड़ निवासी सुभाष चंद्र व ढ़िंगसरा निवासी रामस्वरूप ने पीपीपी आईडी में आय कम करवाने, बनावाली निवासी जगदीश चंद्र ने फसल बीमा की राशि का भुगतान न होने उपरान्त फसल बीमा पॉलिसी का नंबर सही करवाने सहित अन्य मामलों की सुनवाई की।